M.A. F.Y. (Hindi) (Choice Based)Regular Semester 2016 Sem I (New Course)

# MAHNCBCS104 : Paper-III : Elective Course
# Adhunik Hindi Gadya Sahitya (Upnyas)
## (ख) (आधुनिक हिन्दी गद्य साहित्य) (उपन्यास)

P. Pages : 3 **GUG/W/16/8100**

Time : Three Hours Max. Marks : 80

* 4 9 7 4 *

---

सूचनाएँ :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**1.** निम्नलिखित गंद्याशो में से **किसी तीन** की ससंदर्भ व्याख्या किजिए। **30**

क) तुम हमें बड़ा आदमी समझते हो? हमारे नाम बड़े है, पर दर्शन थोड़े। गरीबों में अगर ईर्ष्या या बैर है, तो स्वार्थ के लिए या पेट के लिए। ऐसी ईर्ष्या और बैर को मै क्षम्य समझता हूँ। हमारे मुँह की रोटी कोई छीन ले, उसके मुँह में ऊंगली डालकर निकालना हमारा धर्म हो जाता है। अगर हम छोड दे, तो देवता है।

ख) बड़े आदमियों की ईर्ष्या और बैर केवल आनंद के लिए है। हम इतने बड़े आदमी हो गये है कि हमें नींचता और कुटिलता में ही निःस्वार्थ और परम आनंद मिलता है। हम देवता पन के उस दर्जे पर पहूंच गए है, जब हमे दूसरों के रोने पर हंसी आती है।

ग) हॉ, ममता ने कमला के पुत्र को नाम दिया-कुमार निलोत्पल । डाक्टर ने आज पहली बार अपने पुत्र को गोद में लिया और देखा है।------- दुबला-पतला, पीले रंग का रक्त माँस का पिंड! ममता कहती है, ''पटना ले चलो। एक महीने में ही तुम्हारा बेटा लाल हो जायेगा।

घ) 'जहाँ जीवन है, क्रीडा है, चहक है, प्रेम है, वहीं ईश्वर है और जीवन को सुखी बनाना ही उपासना है, और मोक्ष है। ज्ञानी कहता है, ओठो पर मुस्कराहट न आये, आठों में आसूं न आये। मैं कहता हूँ, अगर तुम हसं नही सकते और रो नहीं सकते, तो तुम मनुष्य नहीं हो पत्थर हो। वह ज्ञान जो मानवता को पीस डाले, ज्ञान नहीं है, कोल्हू है''।

च) ''सुंदरी, किस भूल की ओर तुमने संकेत किया था? अपनी जान में मैने कोई भूल नही ही नहीं की''।
प्रतिवाद करना उचित ना था- ''देव! क्षमा करना। जिसको मैं गुरु बनाने आई हूँ, वह भूल नहीं कर सकता । मैं अपने शब्दों पर क्षमा चाहती हूँ।''

छ) प्रतीक्षा में खड़े हुए निराश सामंतो की भीड हंटने लगी। एक के बाद एक करके सब सामंत चले गये, घंटो बीत गए; पर फिर भी चित्रलेखा न आई। श्वेतांक को आश्चर्य हुआ। इस समय चित्रलेखा कहाँ गई होगी? उसने फिर दासी से पूछा- ''स्वामिनी के कब तक लौटने की संभावना है?'' उसने उत्तर दिया- ''मैं कह नहीं सकती।''

**2.** निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखना अनिवार्य है। **10**

क) क्या यह कहना उचित है कि ''आंगन में एक वृक्ष' का उपन्यासकार एक विशेष उद्‌देश्य के कारण कथा के मूल तत्वों का उचित संपादन नहीं कर सका है।''

**अथवा**

ख) ''औपन्यासिक शिल्प की दृष्टि से भगवतीचरण वर्मा 'चित्रलेखा' एक प्रौढ़ रचना है।'' इस कथन के औचित्य पर प्रकाश डालिए।

munotes.in

**3.** निम्नलिखित लघुत्तरी प्रश्नों में से **किन्ही पाँच** प्रश्नों के उत्तर दस से पंद्रह पंक्तियों में लिखना अनिवार्य है। **20**

1) कुमारगिरी की कुटी छोडने के बाद चित्रलेखा और बीजगुप्त का मिलन कैसे होता है?

2) चित्रलेखा उपन्यास के शीषर्क की उपयुक्तता पर प्रकाश डालिए।

3) गोदान के नामकरण पर अपने विचार लिखिए।

4) बलदेव ने बावनदास की चिठ्ठियों को क्यों जलाना चाहा?

5) तहसीलदार अपनी बेटी कमली को जहर क्यों देना चाहते थे?

6) चन्दन भाई साहब का चरित्र-चित्रण लिखिए।

7) दृष्यन्त कुमार के पिता ने चन्दन के घर क्यो निकाल दिया।

**4.** निम्नलिखित अति-लघुत्तरी प्रश्नों में से सभी प्रश्नों के उत्तर तीन से छः पंक्तियों में लिखना अनिवार्य है। **10**

1) कमली के बच्चे को किसने नाम दिया और क्यों?

2) श्वेतांक का परिचय दिजिए।

3) प्रेमचंद जी आदर्शवादी है अथवा यथार्थवादी?

4) चन्दन की मृत्यू के बाद उसका पालन-पोषण किस ने किया था?

5) दृष्यन्त कुमार की माता के साथ अशफी कुँवर के व्यवहार को स्पष्ट किजिए।

**5.** निम्नलिखित निर्देशों के आधार पर दिये गये सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है। **10**

1) पाटलिपुत्र का युवा सुंदर सम्राट कौन है।
क) बीजगुप्त ख) कुमारगिरी
ग) चंद्रगुप्त घ) चाणक्य

2) यशोधरा को देखकर चित्रलेखा चकित क्यों हो गयी?
क) सुंदरता से ख) कुरुपता से
ग) चतुराई से घ) विवशता से

3) मृत्यंजय, श्वेतांक और यशोधरा किस उपन्यास के पात्र है?
क) चित्रलेखा ख) गोदान
ग) मृगनयनी घ) मैला आंचल

4) गोदान प्रेमचंद का ---------- समस्या प्रधान उपन्यास है।
क) कृषि ख) राजनैतिक
ग) सामाजिक घ) आर्थिक

5) प्रेमचंद का अंतिम और सबसे प्रसिध्द उपन्यास है।
क) प्रतिज्ञा ख) गोदान
ग) कर्मभूमि घ) मंगलसूत्र

munotes.in

6) होरी की पत्नी का नाम ------------ था।

क) धनिया  ख) सिलिया

ग) सोना  घ) रुपा

7) मालती मेहता के प्रति ------------ है।

क) नाराज  ख) कर्तव्यपरायण

ग) अपुरक्त  घ) गंभीर

8) मैला आंचल उपन्यास के ------------ लेखक है।

क) फणिश्वरनाथ रेणू  ख) महादेवी वर्मा

ग) शरद जोशी  घ) प्रेमचंद

9) आगंन में एक वृक्ष ---------- है।

क) एकांकी  ख) विवंध

ग) उपन्यास  घ) यात्रावर्णन

10) चित्रलेखा कौन से उपन्यास की पात्र है?

क) चंद्रगुप्त  ख) स्कंदगुप्त

ग) चित्रलेखा  घ) कर्मभूमि

************

munotes.in

munotes.in